राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय परिसर, अलवर)
Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321
Website : www.rrbmuniv.ac.in

क्रमांक– रात्रभमवि / अल / अका. प्रथम / 2024 / 1123 दिनांक– 07.03.2024

विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की विशेष बैठक दिनांक 07.03.2024 का कार्यवाही विवरण

विश्वविद्यालय की प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 07.03.2024 को माननीय कुलपति महोदय प्रो. शील सिंधु पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

1.	प्रो. शील सिंधु पाण्डेय	माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष
2.	डॉ0 सुशील कुमार सारस्वत,	माननीय कुलाधिपति नामनिर्दिष्ट
3.	प्रो. अरूण कुमार चतुर्वेदी	माननीय कुलाधिपति नामनिर्दिष्ट
4.	डॉ. अनिता सोनी	कुलपति नामनिर्दिष्ट
5.	प्रो. सतीश जैन	उच्च शिक्षा ग्रुप–4 (ऑन लाईन उपस्थित)
6.	कै. फैली राम मीना	कुलसचिव (अतिरिक्त प्रभार) सदस्य सचिव

बैठक के प्रारम्भ में माननीय सदस्यों का कुलसचिव द्वारा स्वागत किया गया। तदुपरान्त विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं गतिविधियों की जानकारी करायी गयी। इसके पश्चात बैठक एजेण्डा पर विचार विमर्श कर निर्णय लिये गये, जिनका विवरण निम्ननानुसार है:–

- उपस्थित माननीय सभी सदस्यों ने चर्चा उपरान्त प्रो. अरूण चतुर्वेदी को वित्त समिति में बोर्ड सदस्य के रूप में नामित किया।
- विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक दिनांक 05.03.2024 के कार्यवाही विवरण पर चर्चा उपरान्त सर्वसम्मिति से सभी सदस्यों द्वारा पारित किया तथा सत्र 2024–25 के बजट का अनुमोदन किया गया।
- पूर्व में हुई विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल बैठक दिनांक 19.12.2023 का मुख्य एजेण्डा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक पदों हेतु रोस्टर समिति द्वारा बनाये गये रोस्टर पर चर्चा करना था परंन्तु राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्यों का आचार संहिता के कारण सेवाएं समाप्त किये जाने के कारण निर्णित / अनुमोदन नहीं हुआ था। माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से विश्वविद्यालय में राज्य सरकार से प्राप्त स्वीकृति एवं महामहिम

राज्यपाल महोदय से प्राप्त अनुमति के अनुसार शैक्षणिक पदों को भरने हेतु रोस्टर को चर्चा उपरान्त अनुमोदित किया गया।

- विश्वविद्यालय के हल्दीना परिसर में पहली बार संचालित स्नातकोत्तर कक्षाओं में छात्रों के पहुंचने हेतु छात्र हित में सत्र 2023–24 में संचालित एक बस का नियमानुसार भुगतान का निर्णय लिया गया।

बैठक के अन्त में कुलसचिव महोदय द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया।

S Pandey
7-3-2024
कुलपति

कुलसचिव